दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
Tital Code:RAJHIN27921

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com
मो.7014373732

वर्षः 01 | अंकः 129 | जयपुर | 18 दिसंबर 2022 | रविवार | मूल्यः रु. 5 | पृष्ठ : 06



## राहुल गांधी के पुरखों ने तोड़ा भारतः सतीश पूनिया




जयपुर. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने राहुल गांधी पर जुबानी हमला किया। कहा कि राहुल गांधी भूल गए, उनके पुरखों ने भारत तोड़ा था। पूनिया ने गहलोत सरकार के 4 साल पूरे होने पर भी कटाक्ष किया, कहा कि राज्य की अशोक गहलोत सरकार ने बाड़ाबंदी में रहने का रिकॉर्ड बनाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया शनिवार शाम 5 बजे बीजेपी प्रदेश कार्यालय जयपुर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। सतीश पूनिया ने राजस्थान सरकार के 4 साल के कार्यकाल को कुशासन करार दिया। कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की नकारा और निकम्मी सरकार राज कर रही है। सरकार जो वादे कर सत्ता में आई थी, उनमें से एक भी वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है। बल्कि प्रदेश की 8 करोड़ जनता कर्ज के बोझ तले दब गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि दुनियाभर में सिर्फ राजस्थान की कांग्रेस सरकार ही ऐसी है। जिसने 52 दिन तक बाड़े में कैद रहकर अनोखा रिकॉर्ड बनाया है। पहली बार किसी सरकार ने ही अपनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री पर राजद्रोह का मुकदमा दर्ज करवा दिया। वहीं आज यही सरकार 4 साल का जश्न मना कर जनता को भ्रमित करने का काम कर रही है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि राजस्थान के मंत्री और विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है। लेकिन आज भी वही लोग सरकारी फाइलों पर साइन कर रहे हैं। प्रदेश की जनता समझ नहीं पा रही कि सरकार कौन चला रहा है। ऐसे में खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। पिछले 4 साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। 2023 में जब हमारी सरकार आएगी। तब हम किसी को नहीं छोड़ेंगे। सभी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। सतीश पूनिया ने कहा कि राहुल गांधी देशभर में भारत जोड़ो यात्रा के नाम पर इवेंट चला रहे हैं। लेकिन इस देश को तोड़ने का काम उनके पुरखों ने ही किया है। नेहरू जी और जिन्ना की महत्वाकांक्षा की वजह से भारत का विभाजन हुआ था। जो प्रमाणित सत्य है। लेकिन मुझे लगता है कि राहुलजी इतिहास भूल गए। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि भारत पहले से जुड़ा हुआ है। सतीश पूनिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राजनीति से रिटायरमेंट के बाद राजनीति पढ़ाने पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अशोक गहलोत सिर्फ झूठ बोलना और झूठी घोषणाएं करना ही सिखा सकते हैं। राजस्थान की परंपरा वाली राजनीति सिखाना उनके बस की बात नहीं।

## इंजीनियर ने हथौड़े से ताई का सिर फोड़ा, 8 टुकड़े किए


जयपुर. जयपुर में दिल्ली श्रद्धा मर्डर जैसा हत्याकांड सामने आया है। यहां एक इंजीनियर ने अपनी सगी ताई की सिर फोड़कर हत्या कर दी। रसोई में मर्डर करने के बाद आरोपी बॉडी को घसीट कर बाथरूम में ले गया। फिर बाजार से मार्बल कटर ले आया। इससे शव के 8 टुकड़े कर ट्रॉली बैग में भरे और मौका पाकर इन्हें दिल्ली-सीकर हाईवे पर तीन अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया।पुलिस ने बताया कि वारदात विद्याधर नगर के सेक्टर-2 में 11 दिसंबर को हुई। सरोज देवी (62) ने अपने जेठ के बेटे



अनुज शर्मा को एक धार्मिक कार्यक्रम में जाने से रोका तो वह तैश में आ गया और उनकी हत्या कर दी। सरोज देवी की बेटियों पूजा शर्मा (38) और मोनिका ने इस मामले में 16 दिसंबर को अपनी मां के मर्डर का मामला दर्ज कराया। उन्होंने अपने चचेरे भाई अनुज शर्मा पर हत्या का शक जताया था। पुलिस ने अनुज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि हत्या 11 दिसंबर की सुबह करीब 10.30 बजे की गई। आरोपी 'हरे कृष्णा' मूवमेंट से जुड़ा है। वह कीर्तन में दिल्ली जाने वाला था। सरोज देवी ने उसे रोका। उन्होंने कहा कि मत जाओ, मेरे पास रहो। अनुज को गुस्सा आ गया। उसने हथौड़े से सरोज देवी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने बॉडी को चाकू से काटने की कोशिश की। हड्डियां नहीं कटीं तो वह मार्बल कटर ले आया। इससे बॉडी के टुकड़े-टुकड़े किए। इसके बाद तीन-चार घंटे बाद तक वह बॉडी को ठिकाने लगाने की कोशिश करता रहा।

# तीन साल में प्रति व्यक्ति आय में 26.81 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी: अशोक गहलोत

### राज्य सरकार के चार वर्ष संवेदनशील जनकल्याणकारी निर्णयों, पारदर्शी कार्यों और जवाबदेही सुशासन में मॉडल स्टेट राजस्थान, स्टेट जीडीपी पिछले 3 साल में 3 लाख करोड़ रुपये बढ़ी






जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि जन-जन को राहत पहुंचाना हमारी प्राथमिकता रही है। कोविड के दुष्प्रभावों के बावजूद भी राजस्थान की अर्थव्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है। राज्य की जीडीपी का 11.04 प्रतिशत की दर से बढ़ना अर्थव्यवस्था का अच्छा प्रतीक है, सरकार की पिछले 4 साल की सकारात्मक नीतियों के कारण ही डबल डिजिट में ग्रोथ संभव हो सकी है। गहलोत राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्टेट जीडीपी पिछले 3 साल में 3 लाख करोड़ रुपये बढ़ी है जो राज्य के विकास का प्रतीक है। स्टेट जीडीपी का आकार बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये हो गया है। तीन साल में प्रति व्यक्ति आय में 26.81 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। देश में प्रति व्यक्ति आय 6.08 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से बढ़ रही है, जबकि राजस्थान में प्रति व्यक्ति आय 8.24 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में राज्य सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किया है। देश के बड़े राज्यों में राजस्थान एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां हेल्थकेयर पर बजट का 7 प्रतिशत खर्च हो रहा है जबकि गुजरात में सिर्फ 5.6 प्रतिशत बजट ही स्वास्थ्य पर खर्च होता है। प्रदेश में सभी को स्वास्थ्य सुविधाओं की निःशुल्क कवरेज देने की व्यवस्था लागू की गई है। राइट टू हेल्थ बिल भी लाया गया है, जो विधानसभा में विचाराधीन है। सभी सरकारी अस्पतालों में सम्पूर्ण इलाज, जांच एवं दवाएं निःशुल्क हैं। ऐसा करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों में भी 10 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज, 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा दिया जा रहा है। हार्ट ट्रांसप्लांट, बोनमैरो ट्रांसप्लांट, कॉक्लियर इंप्लांट समेत तमाम महंगे ट्रांसप्लांट एवं इंप्लांट का पूरा खर्च पैकेज बनाकर राज्य सरकार दे रही है। ऐसी योजना लागू करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है। गहलोत ने कहा कि अभी तक 337 मरीजों के करीब 11 करोड़ रुपये लागत के ट्रांसप्लांट व इंप्लांट चिरंजीवी योजना के तहत किए जा चुके हैं। तीन साल में चिकित्सा सुविधाओं में ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी की है। अब हर जिला अस्पताल में आईसीयू की सुविधा उपलब्ध है। देश का पहला हेलिपेड वाला आईपीडी टॉवर जयपुर में निमार्णाधीन है। 33 में से 30 जिलों में सरकारी मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं, सभी जिलों में सरकारी नर्सिंग कॉलेज खुल रहे हैं। इससे आने वाले समय में डॉक्टर्स एवं नर्सों की कमीं खत्म हो जाएगी।

### 4 साल में 1639 महात्मा गांधी राजकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्य अविस्मरणीय हैं। राजस्थान में 4 साल में 1639 महात्मा गांधी राजकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले गए हैं जिनमें करीब 3 लाख बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। 3 वर्षों में राज्य में 211 नए राजकीय कॉलेज खोले गए हैं। इनमें 94 बालिका कॉलेज हैं। अब जो बालिकाएं 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ देती थी, उनकी संख्या में बड़ी गिरावट आई है तथा राजस्थान के राजकीय कॉलेजों में पढ़ रही बालिकाओं की संख्या बालकों से अधिक हो गई है। वर्ष 2018 के बाद पत्रकारिता विश्वविद्यालय, विधि विश्वविद्यालय जैसे प्रोफेशनल विश्वविद्यालयों की शुरूआत की गई। एक दिव्यांग विश्वविद्यालय भी बनाया जाएगा। प्रदेश में आज कुल 89 विश्वविद्यालय हैं। 25 नए नर्सिंग कॉलेज एवं 42 नए एग्रीकल्चर कॉलेज खोले गए हैं। नीति आयोग की 2019-20 परफॉर्मेंस ग्रेड इंडेक्स में राजस्थान को अ$ ग्रेड मिला है। गहलोत ने कहा कि कोयले पर निर्भरता कम करने तथा सोलर, विंड व बायोमॉस एनर्जी से बिजली बनाने के लिए प्रदेश में परम्परागत ऊर्जा स्रोतों के स्थान पर रिन्यूएबल एनर्जी पर फोकस किया जा रहा है। राजस्थान 16,000 मेगावॉट सोलर एनर्जी क्षमता के साथ देश में प्रथम स्थान पर है। राज्य में 1 लाख करोड़ रुपये के सोलर क्षेत्र में निवेश के डव्ठ किए गए हैं, 50 यूनिट तक घरेलू बिजली मुफ्त, 150 यूनिट तक 3 रुपये एवं 300 यूनिट तक 2 रुपये प्रति यूनिट की छूट दी जा रही है। इस छूट से करीब 38 लाख उपभोक्ताओं का बिजली का बिल शून्य हो गया है।

### 53,789 किमी सड़कों का विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में परिवहन व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में 24,405 करोड़ रुपये खर्च कर 53,789 किमी सड़कों का विकास किया गया, 3828 करोड़ रुपये से 8987 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण, 4084 करोड़ रुपये से 1068 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का चौड़ाईकरण व सुदृढीकरण, लगभग 8004 करोड़ रुपये से 6448 किलोमीटर स्टेट हाईवे व मुख्य जिला सड़कों के विकास कार्य, 8489 करोड़ रुपये से 37,286 किलोमीटर लम्बाई की अन्य जिला सड़कों व ग्रामीण सड़कों का विकास हुआ। राज्य में 500 से अधिक आबादी के 697 गांवों को सड़क से जोड़ा गया, 1833 किलोमीटर की मुख्य जिला सड़कों व अन्य सड़कों को स्टेट हाईवे में क्रमोन्नत किया, 5935 किलोमीटर लम्बाई की अन्य जिला सड़कों व ग्रामीण सड़कों को मुख्य जिला सड़कों में उन्नयन किया गया है। गहलोत ने कहा कि आरआईपीएस-2019, लघु उद्योगों के लिए मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना-2019, सोलर, विंड, ईवी, हैंडीक्राफ्ट,एमएसएमई, टूरिज्म, एग्रो बिजनेस प्रमोशन पॉलिसी सहित हर क्षेत्र के लिए उनकी जरूरतों के अनुरूप पॉलिसी बनाने से राज्य में निवेश निरंतर बढ़ रहा है। इन्वेस्ट राजस्थान समिट में देश-दुनिया के बड़े बिजनेसमैन आए और 11 लाख करोड़ रुपये के एमओयू व एलओआई हुए। पचपदरा में रिफाइनरी एवं पेट्रो केमिकल इन्वेस्टमेंट रीजन से देश का सबसे बड़ा पेट्रोलियम निवेश आ रहा है। इससे वर्तमान में करीब 16,000 लोगों को रोजगार मिला हुआ है। रिफाइनरी का निर्माण पूर्ण होने के साथ यह संख्या 1 लाख रोजगार तक पहुंचेगी। राजस्थान में देश का सबसे अधिक क्रूड ऑइल का उत्पादन हो रहा है। प्रदेश में हर सब डिविजन में रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्र खोले जा रहे हैं। राज्य में फिलहाल कुल 390 से अधिक औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो चुके हैं एवं 147 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं। मेगा टेक्सटाइल पार्क एवं मेडिकल डिवाइस पार्क भी राजस्थान में स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जयपुर में फिनटेक पार्क विकसित किया जा रहा है, ताकि यहां सर्विस सेक्टर का और विकास हो सके। इस बजट वर्ष में ग्रेटर भिवाड़ी तथा बोरानाड़ा, जोधपुर में 250-250 करोड़ रुपये लागत से मल्टी स्टोरी इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स विकसित करने का प्रावधान किया गया है। एमएसएमई एस्टाब्लिशमेंट एंड फैसिलेशन एक्ट में 5 साल तक किसी भी सरकारी अनुमति की आवश्यकता नहीं है। इससे लगभग 15000 उद्योग लाभान्वित हुए हैं और 6,000 एमएसएमई यूनिट स्थापित हो चुकी हैं। राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम में उद्योगों के लिए कस्टमाइज्ड पैकेज दिए जा रहे हैं। सरकारी अनुमतियों को एक ही जगह पर दिया जाना सुनिश्चित किया गया है, लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना के माध्यम से उद्योगों के लिए सब्सिडी दी जा रही है। कृषि आधारित उद्योगों के लिए एग्रो प्रोसेसिंग, एग्री बिजनेस एंड एग्री एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी लाई गई है, उद्योगों की सुरक्षा के लिए हम सीआईएसएफ की तर्ज पर आरआईएसएफ का गठन कर रहे हैं। हमारी निवेश बढ़ाने वाली नीतियों से प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भी सुधार हुआ है।

### 8.85 लाख किसानों का बिजली बिल शून्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान देश का पहला राज्य है जहां किसानों के लिए अलग से कृषि बजट लाया गया है। प्रदेश में 21 लाख किसानों का 15 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया गया है, कृषि कनेक्शन पर 1000 रुपये प्रति महीने सब्सिडी से 8.85 लाख किसानों का बिजली बिल शून्य हो गया है। किसानों को दिन में ही कृषि बिजली उपलब्ध कराने के लिए बिजली तंत्र को और मजबूत किया जा रहा है। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन को दूध देने वाले दुग्ध उत्पादकों के लिए 5 रुपये प्रति लीटर की सब्सिडी दी जा रही है, लघु एवं सीमान्त किसानों के लिए चिरंजीवी योजना का निःशुल्क लाभ मिल रहा है। गहलोत ने कहा कि राज्य में करीब 1 करोड़ लोगों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है, मनरेगा में राज्य सरकार 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार दे रही है, शहरों में रोजगार गारंटी के लिए इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना लागू कर शहरों में भी 100 दिन का रोजगार दिया जा रहा है, सरकारी कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम लागू कर भविष्य की चिंता मिटाई है, लॉकडाउन के दौरान 33 लाख असहाय परिवारों को किश्तों में 5500 रुपये प्रति परिवार दिए गए, कोविड से मृत्यु होने पर प्रत्येक परिवार को 50,000 रुपये, विधवा एवं अनाथ के लिए स्पेशल पैकेज दिया गया, जिसमें एकमुश्त सहायता एवं पेंशन शामिल है, शहरी निकायों में 8 रुपये में भोजन उपलब्ध करवाने के लिए 968 इंदिरा रसोई संचालित हैं। गहलोत ने कहा कि राज्य में 600 करोड़ के बजट से उड़ान योजना में हर महिला को 12 निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन देने की घोषणा की गई है। चिरंजीवी परिवारों की सभी महिला मुखियाओं को 3 साल की इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ निःशुल्क स्मार्टफोन दिए जाएंगे, इन्दिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना के तहत महिलाओं को दूसरे बच्चे के संस्थागत प्रसव पर 6,000 रुपये दिए जा रहे हैं। बेहतरीन चिकित्सा सुविधाओं से तीन साल में आईएमआर और एमएमआर में बड़ी कमी आई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 96 प्रतिशत संस्थागत प्रसव हो रहे हैं, कामकाजी महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री बैक टू वर्क एवं मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम योजना लागू की गई है जिससे करियर ब्रेक ले चुकी 15,000 महिलाओं को वापस काम पर लाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना से 15000 बच्चों को फ्री कोचिंग मिल रही है। जिला एवं संभाग स्तर पर कॉलेज की पढ़ाई के लिए रहने वाले आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को अम्बेडकर डीबीटी योजना के माध्यम से हर महीने 2 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

### मुख्यमंत्रीने राजस्थान आवासन मण्डल के स्टॉल का अवलोकन किया

# मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आवासन मण्डल के कायाकल्प को सराहा

**कॉन्स्टीट्यूशन क्लब, देश के पहले कोचिंग हब, विधायक आवास सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लिए आवासीय योजनाओं जैसे प्रोजेक्टों को गति दे रहा है आवासन मंडल**

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जवाहर कला केन्द्र में आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में राजस्थान आवासन मण्डल के स्टॉल का अवलोकन किया। गहलोत ने इस दौरान मंडल के कायाकल्प तथा विगत वर्षों में अर्जित उपलब्धियों की जमकर सराहना की। मुख्यमंत्री के साथ पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखजिन्दर सिंह रंधावा तथा राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा भी थे। गहलोत ने रंधावा को अवगत कराया कि आवासन मण्डल वह संस्था है जो राज्य की गत सरकार के समय बंद



होने के कगार पर थी। लेकिन पवन अरोडा के आयुक्त बनने के बाद इस संस्था में नई जान आई और उनकी प्रशासनिक कार्यकुशलता और कार्यप्रणाली से इसका कायाकल्प संभव हुआ है। मंडल नित नए नवाचार कर रहा है और दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन ऑफ इंडिया की तर्ज पर जयपुर में कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान, देश के प्रथम कोचिंग हब, विधायकों के लिए आवास, अखिल भारतीय सेवा तथा राज्य सेवा के अधिकारियों के लिए एआईएस और एसएस रेजीडेंसी बहुमंजिला आवासीय योजनाएं, जरूरतमंद वर्गों के लिए मुख्यमंत्री जन आवास योजना जैसे बड़े प्रोजेक्टों से मंडल ने नई पहचान कायम की है। गहलोत ने आवासन मण्डल के स्टॉल पर प्रदर्शित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान के अद्भुत मॉडल को भी देखा और इस प्रोजेक्ट की प्रगति की जानकारी ली। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने स्टॉल पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री, रंधावा, डोटासरा सहित अन्य अतिथियों का शॉल ओढाकर स्वागत किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विधायक आवास की फिनिशिंग का काम चल रहा है। आने वाले साल में जून माह तक ये फ्लैट तैयार हो जाएंगे। आवासन आयुक्त ने मुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री शिक्षक एवं प्रहरी आवासीय योजना, जयपुर चौपाटी आदि के बारे में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान विगत 4 वर्षों में मण्डल द्वारा अर्जित उपलब्धियों पर आधारित बुकलेट का विमोचन भी किया।

## पिता ने 2 साल के बेटे को छत से फेंका

नई दिल्ली. एक शख्स ने शराब के नशे में पत्नी से झगड़ा किया। फिर गुस्से में अपने 2 साल के बेटे को पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया। इसके बाद खुद भी तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। फिलहाल दोनों एम्स में भर्ती हैं, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना शुक्रवार की रात कालकाजी इलाके में स्थित झुग्गी बस्ती की है। आरोपी 30 साल का मान सिंह है। उसकी पत्नी पूजा ने बताया कि पति से विवाद के बाद वह 2 साल के बेटे के साथ अपनी दादी के घर रहती है। शुक्रवार रात मान शराब के नशे में वहां आया और शोर-शराबा करने लगा। पूजा ने विरोध किया तो मान ने बेटे को पहली मंजिल की छत से नीचे फेंक दिया। इसके बाद मान सिंह ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बच्चे को एक प्राइवेट हॉस्पिटल में और मान सिंह को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने बच्चे को करीब 21 फीट की ऊंचाई से फेंका है। पत्नी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## सम्पादकीय

### कई देशों में हो रहे विरोध प्रदर्शन दर्शा रहे हैं कि तानाशाही से जनता को दबाया नहीं जा सकता

गौरतलब है कि ईरान में इस्लाम से जुड़े नियमों जैसे कि हिजाब, बुर्का आदि का पालन कराने के लिए मोरैलिटी पुलिस बनाई गई। इसका गठन पूर्व मेहमूदक अहमदीनेजाद के समय में किया गया था जो ईरान के एक कट्टरपंथी नेता और राष्ट्रपति के तौर पर जाने जाते हैं।दार्शनिक और वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रवर्तक नोबेल पुरुस्कार विजेता नील्स बोर का कथन के मुताबिक ₹तानाशाही का सबसे जोरदार हथियार है गोपनीयता, लेकिन लोकतंत्र का सबसे असरदार हथियार है खुलापन।₹ ईरान, चीन, म्यांमार, थाइलैंड और सूडान में हुए विरोध प्रदर्शन इस बात का प्रमाण हैं कि सूचनाओं के जरिए ई विलेज बनती दुनिया में कठोर कानून या तानाशाही से आम अवाम की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। ये सभी देश नागरिक अधिकारों के उत्पीड़न के लिए बदनाम हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल की वर्ष 2021 की रिपोर्ट के मुताबिक फांसी देने के मामले में चीन और ईरान दुनियां के शीर्ष देश हैं। चीन ने करीब एक हजार और ईरान ने करीब 314 लोगों को फांसी दी गई।

इन देशों में लोगों के खिलाफ किए जा रहे उत्पीड़न से यह भी साबित होता है कि बदले हुए हालात में बंदूकों की नोंक पर लंबी अवधि तक मानवाधिकारों को राष्ट्रीय एकता-अखंडता, संस्कृति या धर्म के नाम पर दबाया नहीं जा सकता। यही वजह रही आखिरकार ईरान और चीन जैसे कट्टर देशों की सरकार ने भारी खून-खराबे के बाद आंदोलनकारियों के आक्रोश के सामने झुकते हुए उनकी मांगे मंजूर कर ली। इन देशों में सरकार के खिलाफ बोलने, संस्कृति और धर्म के नाम पर फांसी की सजा दिया जाना आम बात है। किन्तु इस बार हुए अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने वाले लोगों को जेल या फांसी का डर भी नहीं डरा सका। ईरान ने भारी दबाव में आकर मोरैलिटी पुलिस को भंग कर दिया। इसी तरह चीन भी 70 सालों में पहली बार आंदोलनकारियों के सामने झुकते हुए कोविड में प्रतिबंधों में छूट देने के लिए सहमत हो गया।

गौरतलब है कि ईरान में इस्लाम से जुड़े नियमों जैसे कि हिजाब, बुर्का आदि का पालन कराने के लिए मोरैलिटी पुलिस बनाई गई। इसका गठन पूर्व मेहमूदक अहमदीनेजाद के समय में किया गया था जो ईरान के एक कट्टरपंथी नेता और राष्ट्रपति के तौर पर जाने जाते हैं। उस दौर में इसका काम हिजाब की संस्कृति को बढ़ाने का था। सफेद और हरे रंग की वैन से चलने वाली इस पुलिस के कर्मचारी कहीं पर भी महिलाओं को टोकते दिख जाते। कई बार इस रोक-टोक ने हिंसक का रूप ले लिया। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब महिलाओं को उनके हिजाब को लेकर सरेआम बुरी तरह मारा-पीटा गया। जेलों में बंद करके लोगों को यंत्रणाएं दी गई। ऐसा ही मामला बुर्के से चेहरा नहीं ढकने वाली महसा अमीनी का था। अमीनी की मौत से भड़की आक्रोश की चिंगारी ने दावानल का रूप धारण कर लिया। विरोध का यह मुद्दा न सिर्फ ईरान में बल्कि पूरे विश्व में फैल गया। कई देशों की महिलाओं और हस्तियों ने सार्वजनिक तौर पर बाल कटवा कर ईरान का विरोध किया। ईरान ने इस आंदोलन को दबाने के लिए हर तरह के हथकंडों का इस्तेमाल किया।

# शिक्षा से खिलवाड़ करने वाले शिक्षकों के दाग



राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने एवं तरह-तरह के कानूनों के प्रावधानों के बावजूद आजादी का अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र के शिक्षा के मन्दिर बच्चों पर हिंसा करने, पिटने, सजा देने के अखाडे.बने हुए है, शिक्षक अपनी मानसिक दुर्बलता एवं कुंठा की वजह से बच्चों के प्रति बर्बरता की हदें लांघ रहे हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार शिक्षा में अभिनव क्रांति करने का ढ़िढोरा पीट रही है, लेकिन अपने शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं पर सवार हिंसा की मानसिकता को दूर करने का कोई सार्थक उपक्रम नहीं कर पायी है। यही कारण है कि दिल्ली में एक प्राथमिक विद्यालय की एक शिक्षिका ने पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक बच्ची को न केवल बुरी तरह पीटा, बल्कि कैंची से वार करते हुए उसे पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया। ऐसी क्रूर, हिंसक एवं बर्बर घटना को अंजाम देने वाली शिक्षिका को बच्चों को पढ़ाने-लिखाने लायक माना जा सकता है? बात केवल दिल्ली की नहीं है, देश के अन्य हिस्सों से ऐसे शिक्षकों के बेलगाम हिंसक बर्ताव की खबरें अक्सर आती रहती हैं, जिसमें किसी बच्चे को पीटने या यातना देने की अपनी कुंठा को ड्यूटी का हिस्सा समझ लिया जाता है। यह कैसी शिक्षा है एवं कैसे शिक्षक है? शिक्षक का पेशा पवित्रतम एवं आदर्श माना जाता है। यह इसलिए भी कि शिक्षक के माध्यम से ही बच्चों के भविष्य की नींव तैयार होती है। यह नींव ही उनके भविष्य को मजबूत बनाने का एवं राष्ट्र को उन्नत नागरिक देने का काम करती है। लेकिन जब इस पवित्र पेशे की गरिमा को आघात पहुंचाने का काम हिंसक एवं अनियंत्रित मानसिकता, कुंठित एवं क्रूर, लोभी प्रवृत्ति के शिक्षक करते हैं तो शिक्षा के संवेदनशीलता, जिम्मेदारी एवं समर्पण के गायब होते भाव पर चिंता होना स्वाभाविक है। आज के निजी विद्यालय अपने परीक्षा परिणाम को अव्वल लाने के लिये छात्रों पर तरह-तरह के गैरकानूनी प्रयोग करने की छूट शिक्षकों को दे देते हैं। दूसरी ओर अपने निजी लाभ के लिये शिक्षक छात्रों के परीक्षा परिणामों से छेडछाड करने, कक्षाओं में छात्रों के साथ भेदभाव करने, उनको बेवजह सजा देने का दुस्साहस भी करते हैं ताकि छात्र उन शिक्षकों से ट्यूशन लेने को विवश हो सके। ऐसे हिंसक एवं लोभी शिक्षकों को कानून ही उचित सजा दे सकती है। शिक्षा को नफा-नुकसान के नजरिए से देखने के मामले नये नहीं है। ऐसा ही मामला मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले में सामने आया है जिसमें अदालत के फैसले ने न केवल मध्यप्रदेश बल्कि समूचे देश के लिए नजीर भी पेश की है। बारह बरस पुराने मामले में इस जिले में एक स्कूल की महिला शिक्षक ने अपने शिक्षक पति की मदद से 12वीं कक्षा के 16 छात्रों के एक पेपर की उत्तर पुस्तिका के पन्ने ही फड़वा दिए। इन बच्चों ने महिला शिक्षक से कोचिंग लेने के दबाव को नजरअंदाज कर दिया था। अदालत ने शिक्षक दंपती के कृत्य को आपराधिक करार देते हुए उन्हें पांच-पांच साल की कैद की सजा सुनाई। यह देश में अपने किस्म का अनूठा उदाहरण है, जो किसी भी हद तक जाने को उतारू नजर आते कुछ शिक्षकों के बेलगाम से बन गए कदमों को थामने का काम करेगा। अपनी आर्थिक जरूरतें व महत्त्वाकांक्षाएं हद से ज्यादा बढ़ा देने और फिर इनकी पूर्ति के लिए पथभ्रष्ट होने वालों की लंबी खेप को आगाह करेगा कि किसी दिन जेल की सलाखों के पीछे वे भी हो सकते हैं। ठीक इसी तरह छात्रों पर अपनी कुंठा एवं मानसिक दुर्बलताओं के चलते हिंसा एवं अत्याचार करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं पर भी न्याय व्यवस्था को उचित संज्ञान लेते हुए उन्हें कठोर सजा देनी ही चाहिए।

अहिंसा, संतुलन एवं संवेदनाओं को जगाने का जिम्मेदारीपूर्ण दायित्व निभाने वाले शिक्षक को पढ़ाने की जिम्मेदारी तभी दी जानी चाहिए जब वे इसको निभाने में सक्षम हो। अन्यथा दिल्ली के एक प्राथमिक विद्यालय की एक शिक्षिका ने अनियंत्रण होकर जो किया है, उससे बच्ची की मौत हो सकती थी। गनीमत रही कि छत से फेंके जाने के बाद भी बच्ची किसी तरह जिंदा बच गई। स्कूल परिसर में शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों और बर्ताव को लेकर सजग और संयत न रह पाये तो ऐसे शिक्षक को तुरंत इस महत्वपूर्ण दायित्व से मुक्ति दे देनी चाहिए। इस खौफनाक एवं बर्बर घटना के बाद आरोपी शिक्षिका के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया जरूर शुरू कर दी गई है, लेकिन मामले के ब्योरे से प्रथम द्दष्टया यही लगता है कि एक सामान्य मनोदशा का व्यक्ति किसी बच्चे के प्रति ऐसा बर्ताव नहीं कर सकता। अव्वल तो एक शिक्षक के लिए बच्चों को पढ़ाने-लिखाने के साथ-साथ उनके साथ पेश आने के सलीके का ध्यान रखना जरूरी होता है। यह न केवल पेशागत जिम्मेदारी है, बल्कि कानूनी तौर पर भी बच्चों को स्कूल में पीटना तो दूर, डांटने-फटकने पर भी सख्त मनाही है। अगर कोई शिक्षक इसका ध्यान नहीं रखता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।सवाल है कि एक शिक्षक की जिम्मेदारी और संवेदनाओं को भूल कर कोई व्यक्ति अगर बच्चों के खिलाफ इस तरह के बर्बर व्यवहार करने लगे तो किस कसौटी पर उसे शिक्षक होने के योग्य कहा जा सकता है! ऐसा लगता है कि न नये इंसानों को गढ़ने की सही प्रक्रिया है और न इंसान गढ़ने के प्रति शिक्षक के भीतर सच्ची निष्ठा। ऐसी स्थिति में शिक्षा का दायित्व कैसे अपने मुकाम पर पहुंचे? इसी कारण शिक्षा की सीख एवं साख नहीं बन पा रही है। शिक्षक का दायित्व निभाने वालों की सोच एवं समझ के दायरे बदल गये हैं। शिक्षा के आदर्श, सिद्धान्त एवं शैली के प्रति बनी नई मान्यताओं ने नये मानक बना लिये हैं। सुविधावाद ने द्दष्टि एवं दर्शन दोनों को बदल डाले हैं। उपयोगिता एवं आवश्यकता से ज्यादा आकांक्षा को मूल्य मिलने लगा है, इसी कारण शिक्षक का दिल और दिमाग किसी न किसी अपसंस्कार से पीड़ित है और उसकी निष्पत्ति हिंसा, मानसिक असंतुलन, बर्बरता एवं लोभ की शक्ल में सामने आती है।सरकारों की सख्त हिदायतों एवं कठोर कानूनों के बादजूद थोडे-थोडे.अन्तराल पर ऐसी बर्बर, क्रूर एवं त्रासदीपूर्ण घटनाएं होना चिन्ता का विषय है। ज्यादा दिन नहीं हुए, जब उत्तर प्रदेश के कानपुर के एक निजी स्कूल में पांचवीं कक्षा के एक छात्र के हाथ पर अध्यापक ने सिर्फ इसलिए छेद करने वाली मशीन चला दी कि वह दो का पहाड़ा नहीं सुना सका था। इसी तरह, कुछ समय पहले राजस्थान में जालौर के एक स्कूल में शिक्षक की पिटाई से एक दलित बच्चे की मौत की खबर सुर्खियों में रही थी। वजह सिर्फ यह थी कि बच्चे ने स्कूल की मटकी से पानी पी लिया था। आखिर शिक्षा के मन्दिर ऐसी घटनाओं से कब तक शर्मसार होते रहेंगे? नई शिक्षा नीति में विषयों व पाठ्यक्रमों का अच्छा समावेश हुआ है, पर शैक्षणिक ढांचे को पूरी तरह हिंसामुक्त, साफ-सुथरा व पारदर्शी बनाने के लिए शिक्षा में घुस आए ऐसे लोगों की धरपकड़ जरूरी है जो शिक्षा प्रणाली एवं प्रक्रिया को दूषित एवं धुंधला करते है। शिक्षा से खिलवाड़ करने वाले ऐसे अपराध तो अक्षम्य ही कहे जाएंगे। शिक्षा से जुड़ी इन समस्याओं को जड़ से खत्म करने के ठोस प्रयास जरूरी हैं। शिक्षा के कर्ताधताओं को ऐसा तंत्र विकसित करना होगा जिसमें बच्चों के साथ भेदभाव के किसी भी प्रयास पर निगरानी रखी जा सके। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी होगा कि स्कूलों में पढ़ाई पूरी व गुणवत्तापूर्ण हो, प्रभावी एवं सहज हो ताकि ट्यूशन, बर्बरता एवं हिंसक व्यवहार की जरूरत न हो। सरकारी व निजी स्कूलों के शिक्षकों में ट्यूशन की दुष्प्रवृत्ति एवं सजा देने पर अंकुश भी रखना होगा। छात्रों से ज्यादा जरूरी है शिक्षकों का चरित्र विकास। ऐसा होने से ही शिक्षकों में पनप रही हिंसा, अराजकता, एवं महत्वाकांक्षाओं को नियंत्रित किया जा सकेगा। तभी नये भारत एवं सशक्त भारत की ओर बढ़ते देश की शिक्षा अधिक कारगर एवं प्रभावी होगी। उसके लिये शिक्षा-क्रांति से ज्यादा शिक्षक-क्रांति की जरूरत है।

### राज्यपाल कलराज मिश्र ने सांसद बोहरा की दिवंगत माताजी को श्रद्धांजलि दी



जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को वाटिका रोड स्थित रंगमहल पहुंचकर सांसद रामचरण बोहरा की दिवंगत माता जी के तीये की बैठक में भाग लिया। उन्होंने बोहरा की माता की छवि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# स्मार्ट फोन से बच्चों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर



आज बड़ों के साथ-साथ बच्चों में भी जबरदस्त स्मार्टफोन इस्तेमाल करने की लत देखने को मिल रही है। एक मीडिया खबर के अनुसार लगभग 23.80 प्रतिशत बच्चे सोने से पहले बिस्तर पर स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं। लगभग 37.15 प्रतिशत बच्चे स्मार्टफोन के उपयोग के कारण एकाग्रता के स्तर में कमी का अनुभव करते हैं। साथ ही अधिक स्मार्टफोन यूज करने के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आजकल मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों को इंटरनेट एडिक्शन की तरफ ले जा रहा है। इस तरह के एडिक्शन से मानसिक बीमारियां पैदा होती हैं और ऐसे में बच्चे कोई न कोई गलत कदम उठा लेते हैं। आजकल के बच्चे इंटरनेट लवर हो गए हैं। इनका बचपन रचनात्मक कार्यों की जगह डेटा के जंगल में गुम हो रहा है। पिछले कई सालों में सूचना तकनीक ने जिस तरह से तरक्की की है, इसने मानव जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है बल्कि एक तरह से इसने जीवनशैली को ही बदल डाला है। बच्चे और युवा एक पल भी स्मार्टफोन से खुद को अलग रखना गंवारा नहीं समझते। इनमें हर समय एक तरह का नशा सा सवार रहता है। वैज्ञानिक भाषा में इसे इंटरनेट एडिक्शन डिस्ऑर्डर कहा गया है। अपने बच्चों को मोबाइल और कंप्यूटर पर गेम खेलते अनेक माता-पिता बहुत खुश होते हैं। वे दूसरों को बड़े गर्व के साथ यह बताते तनिक भी नहीं हिचकते की उनका बेटा डिजिटल दुनियां के नए जमाने के साथ दौड़ रहा है। वे बड़े खुशी से बताते हैं कि वह मोबाइल पर फोटो निकाल लेता है। मैसेज भेज देता है। व्हाट्सप पर बात कर लेता है और फोटो, वीडियो शेयर कर लेता है। यहाँ तक की गूगल पर कुछ भी खोज लेता है। लेकिन शायद वह इस बात से अनजान है कि जिसे वह बच्चे की स्मार्टनेस समझ रहे हैं वह उसके विकास में बाधा भी बन सकता है। विशेषज्ञ मानते है कि इलेक्ट्रॉनिक गजेट और कंप्यूटर का अत्यधिक प्रयोग बच्चों के लिए अच्छा नहीं है। इससे उनमें संवादहीनता और चिड़चिड़ेपन की प्रवृत्ति बढ़ती है। मौजूदा दौर में बच्चों में खेलकूद का स्थान इंटरनेट ने ले लिया है। इसका सीधा प्रभाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर पड़ा है। शहरों के साथ अब गांवों में भी मोबाइल की पहुँच होने से बच्चों में इंटरनेट की लत बढ़ गई है। इससे उनमें संवादहीनता का खतरा बढ़ रहा है। बच्चे के ऐसे व्यवहार को अनदेखा करने की जगह इस पर सजग और सावधान होने की जरूरत है। मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि इससे बच्चों का स्वाभाविक विकास बुरा प्रभाव पड़ता है। एक अभिभावक का कहना है उसका बेटा स्कूल से आते ही कंप्यूटर पर बैठ जाता है, कई आवाज लगाने पर भी हिलता तक नहीं। बाहर घूमने की जगह उनका बेटा कंप्यूटर पर व्यस्त रहता है, लेकिन अब उसके व्यवहार पर चिंता होने लगी है। वह किसी से बात करना तक पसंद नहीं करता, ज्यादा कुछ बोलों तो चिढ़ जाता है या चिल्लाकर जवाब देता है। एक दूसरा अभिभावक अपनी बेटी के व्यवहार से चिंतित है। वह कहती हैं कि अभी आठवीं कक्षा में ही है, लेकिन उसके अंदर इस उम्र के बच्चों सी चपलता और चंचलता नहीं है। काफी कम बोलती है। इंटरनेट सर्फिंग में उसका खाली समय बीतता है। देश में इंटरनेट के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल में बचपन खोता जा रहा है जिसकी परवाह न सरकार को है और न ही समाज इससे चिंतित है। ऐसा लगता है जैसे गैर जरुरी मुद्दे हम पर हावी होते जारहे है और वास्तविक समस्याओं से हम अपना मुंह मोड़ रहे है। यदि यह यूँ ही चलता रहा तो हम बचपन को बबार्दी की कगार पर पहुंचा देंगे। देश के साथ यह एक बड़ी नाइंसाफी होगी जिसकी कल्पना भी हमें नहीं है। जब से इंटरनेट हमारे जीवन में आया है तबसे बच्चे से बुजुर्ग तक आभासी दुनियां में खो गए है। हम यहाँ बचपन की बात करना चाहते है। देखा जाता है पांच साल का बच्चा भी आँख खोलते ही मोबाइल पर लपकता है। पहले बड़े इसे अपने काम के लिए करते थे। अब बच्चे भी इंटरनेट के शौकीन होते जा रहे हैं। बाजार ने उनके लिए भी इंटरनेट पर इतना कुछ दे दिया है कि वह पढ़ने के अलावा बहुत कुछ इंटरनेट पर करते रहे हैं। पेरेंट्स को बच्चों की ऐसी गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए और समय रहते उनकी ऐसी आदत को पॉजेटिव तरीके से दूर करना चाहिए।

### सामाजिक बुराइयों और आडम्बर मुक्त समाज बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें:कलराज मिश्र



जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने संत दादू दयाल जी की शिक्षाओं को अपनाते हुए सभी से सामाजिक बुराइयों और बाहरी आडम्बरों से मुक्त समाज बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दादू ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की सोच से परे सदा सामाजिक समरसता की बात अपनी वाणियों में की। राज्यपाल मिश्र शनिवार को दादू पंथी साहित्य शोध संस्थान द्वारा कोटड़ा, दौलतपुरा में आयोजित हिन्दी अनुशीलन पत्रिका के दादू दयाल विशेषांक के लोकार्पण समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल मिश्र को इस अवसर पर दादूपंथी साहित्य शोध संस्थान, जयपुर की ओर से दादू रत्न अलंकरण सम्मान भी प्रदान किया गया। राज्यपाल ने कहा कि दादूदयाल मानवीय संवेदना के विरल संत थे, उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से मानवता को प्रेम का संदेश दिया। वे समाज में समानता के साथ बदलाव के पक्षधर थे और जड़त्व को तोड़ने एवं रूढ़ियों को दूर करने में विश्वास रखते थे। उन्होंने कहा कि दादूदयाल ने जात-पात और पंथ से जुड़ी सीमाओं को दूर करते हुए हरेक व्यक्ति में मनुष्यत्व की तलाश को सदा महत्व दिया। उनका मानना था कि वर्गभेद, जात-पात के बंधन से दूर जो मनुष्य प्राणी मात्र के कल्याण के लिए कार्य करता है, वही सच्चा ईश्वर भक्त है। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि दादू समय से आगे का विचार रखने वाले संत थे। देहदान की जिस परम्परा की बात आज होती है, दादू ने तो सदियों पहले अपनी वाणी में जीवित ही नहीं मरने के बाद भी मृत देह की सार्थकता की बात कही। दादू ने कहा है कि हरि भजन साफल जीवणा, पर उपकार समाय। दादू मरणा तहां भला, जहां पशु पक्षी खाय। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी ने कहा कि संत दादू दयाल जी की वाणियां आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी आज से सदियों पूर्व थीं। दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रमा ने कहा कि व्यक्ति को सार्थक जीवन जीने के लिए ईश्वर में आस्था रखते हुए अपने जीवन और समाज के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए, यही दादू की शिक्षाओं का सार है। राजस्थान विश्वविद्यालय के कला संकाय अध्यक्ष प्रो. नन्द किशोर पाण्डे ने कहा कि भारतीय संत परम्परा ने देश के लोक जागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आरम्भ में राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थितजन को संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन भी करवाया। कार्यक्रम में दादूपंथी साहित्य शोध संस्थान के अध्यक्ष स्वामी रामसुखदास, देशभर से आए साधु-सन्यासी तथा विद्वतजन उपस्थित रहे।

## भारत जोड़ो यात्रा में राठौड़ तीन दिन तक चले कारवां के साथ

# राहुल गांधी से भारत जोड़ो यात्रा में श्रवण राठौड़ ने की मुलाकात, दिए अहम सुझाव

### श्रवण राठौड़ यात्रा में 10 किमी तक राहुल गांधी से कदम मिलाकर साथ साथ चले

दौसा। भीनमाल से कांग्रेस के युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण सिंह राठौड़ ने भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर राहुल गांधी की अगवानी की और उनका स्वागत कर साहसिक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। श्रवण राठौड़ सवाई माधोपुर से दौसा के लालसोट तक 10 किलोमीटर तक राहुल गांधी के कदम से कदम मिलाते हुए साथ चले। कांग्रेस संगठन को मजबूत करने को लेकर राहुल गांधी को श्रवण राठौड़ ने कई अहम सुझाव भी दिए।

कांग्रेस नेता श्रवण राठौड़ ने बताया कि राहुल गांधी ने आजादी के बाद सबसे बड़ी कठिन यात्रा शुरू की है। राजस्थान में आने के बाद श्रवण सिंह राठौड़ तीन दिन तक भारत जोड़ो यात्रा के कारवां में करीब 70 किलोमीटर तक पैदल साथ चले। राठौड़ ने बताया कि कन्याकुमारी से प्रारंभ हुई यात्रा तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश होते हुए ये यात्रा 4 दिसम्बर को राजस्थान आई है। राजस्थान में भी राहुल गांधी के साथ इस भारत जोड़ो यात्रा में लाखों लोग शामिल होकर देश में



सामाजिक समरसता और भाई चारा बढाने का संदेश दिया है। राठौड़ के मुताबिक भारत यात्रा में जहां - जहां राहुल गांधी जा रहे हैं, कारवां बढ़ता ही जा रहा है। लोगों का आशीर्वाद, उन का प्रेम, उनका प्यार, उनकी दुआएं राहुल गांधी के साथ हैं। राठौड़ ने बताया कि तीन दिन तक इस यात्रा में साथ रहकर महसूस किया कि राहुल गांधी के साथ शौर्य एवं वीरों की धरती राजस्थान में भारी जनसैलाब उमड़ रहा है और राजस्थान की जनता जगह-जगह जोश के साथ राहुल गांधी का स्वागत कर रही है। श्रवण राठौड़ ने राहुल गांधी से मिलकर राजस्थान में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कई अहम सुझाव भी दिए।

## हजारों श्रृद्धालुओं के आस्था का केंद्र मालेश्वरनाथ धाम में होगा पोषबडा महोत्सव

**मरूधर विशेष संवाददाता@पुष्पेंद्र कुमार शर्मा**



सामोद कस्बे के ग्राम महारकलां की पहाडियों की तलहटी में बसे मालेश्वर नाथ धाम में 25 दिसम्बर को पोषबडा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा । मंदिर के महन्त महेश व्यास ने बताया कि प्रदोष सेवा समिति के सर्वसम्मत निर्णय से भगवान मालेश्वर नाथ के पोषबडे का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें ग्रामवासी व भक्तजन तन मन धन के स्वैच्छिक सहयोग अपेक्षित हैं ।

## पत्रकार को धमकाने और मारपीट करने की निन्दा कर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाई किए जाने की मांग की

**अजमेर ब्यूरो/राहुल कुमार वर्मा**

अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक दिलीप राय एवं सचिव आर.के. वर्मा ने केकड़ी के पत्रकार अमर चंद टेलर के साथ न्युज कवर करने के दौरान नगरपालिका ठेकेदार द्वारा धमकाने तथा मारपीट करने की घटना की निन्दा करने के साथ ही आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाई किए जाने की मांग की है।जानकारी के अनुसार केकड़ी निवासी पत्रकार अमर चंद टेलर द्वारा नगरपालिका के कार्यो मे भ्रष्टाचार की खबरें प्रकाशित किए जाने से नगरपालिका ठेकेदार आनन्द जाट तथा नगरपालिका के लाइटों का ठेका लेने वाले ठेकेदार सम्पत जाट द्वारा न्युज कवर करने के दौरान लगातार धमकियां देकर न्युज छापने से रोका जा रहा था। इसी दौरान पत्रकार अमर चन्द्र टेलर के द्वारा खबर छापे जाने से बौखलाए दोनों आरोपियों ने 16 दिसम्बर की शाम को जब पत्रकार अमर चंद माँ की दवाई लेकर घर वापस लौट रहे थे। दोनों आरोपियों द्वारा उनका रास्ता रोककर अपहरण का प्रयास किया और बाद में जबरन उन्हें छोटे तालाब पर चल रहे निर्माण कार्य स्थल पर ले जाया गया जहां एक बार फिर दोनों आरोपियों ने पत्रकार अमर चंद के साथ मारपीट तथा गाली गलौज की और न्युज नहीं छापने के लिए धमकियां दी साथ ही पत्रकार का मोबाईल फोन छीन कर बनाये गये वीडियो को डिलीट करने की कोशिश की, जिसमें वह कामयाब नहीं हुए इसी बीच अपना मोबाईल फोन वापस छीन कर वहाँ से भाग कर पीड़ित पत्रकार ने अपनी जान बचाई और केकड़ी सिटी थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज करायी, पुलिस द्वारा परिवादी पत्रकार की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध आई पी सी की धारा 341, 323, 504 तथा 34 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर ने के साथ ही जांच सहायक उप निरीक्षक राम सिंह को सोंप दी है वहीं पत्रकारों ने उक्त घटना की कड़ी निन्दा करते हुए इसे मीडिया कर्मियों और अभिव्यक्ति की आजादी के लिए निंदनीय कृत्य बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## राज- पेंशनर्स समाज अजमेर ने मनाया स्थापना दिवस,ब्लॉक के वरिष्ठ पेंशनर्स का किया सम्मान

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**

अराई, राजस्थान पेंशनर्स समाज अजमेर में पेंशनर समाज स्थापना दिवस दिनांक 17-12-2022 को मनाया गया जिसमें सभी 11 ब्लॉक के वरिष्ठ पेंशनर्स 80 वर्ष से ऊपर के पेंशनर्स का स्वागत किया गया। जिसमे अराई, सरवाड़ केकड़ी, पीसांगन मसूदा, भिनाय पुष्कर, नसीराबाद श्रीनगर,जवाजा,सावर आदि ब्लॉक से वरिष्ठ पेंशनर उपस्थित जिला शाखा अध्यक्ष श्री कश्मीर सिंह व प्रान्तीय अध्यक्ष द्वारा सभी का स्वागत व माल्यार्पण सॉल व मोमेंटो प्रशस्ति पत्र दिया गया। अराई से.. वरिष्ठ पेंशनर्स 80 वर्ष से ऊपर 1.मीरा देवी पत्नि रामसुख पालीवाल,2. मनभर देवी पत्नि कन्हैयालाल कलवार अराई,3.शान्ती देवी पत्नि शंकर लाल शर्मा अराई, रामगोपाल पूत्र देवालाल शर्मा अराई 5 ओमप्रकाश सारण 6. छोटूलाल शर्मा भावसा पूत्र नाथूलाल शर्मा,उत्कृष्ट कार्यकर्ता मे 1. हनुमान प्रसाद पूत्र सुगन लाल रेगर अराई,2. प्रकाश चन्द पारीक सान्दोलिया का भी स्वागत किया गया।



## हेल्थ इज वेल्थ परियोजना का हुआ शुभारंभ,शिवाक्षी खाण्डल ने दिखाई हरी झंडी

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**

अराई,उपखंड कार्यालय अराई के परिसर मे हेल्थ इज वेल्थ परियोजना का शुभारंभ संघर्ष संस्थान धांधोली द्वारा इस परियोजना का शुभारंभ उपखंड अधिकारी अराई शिवाक्षी खाण्डल एवं तहसीलदार हनुमान प्रसाद बेरवा ने हरी झंडी दिखाकर किया संस्थान गरीब एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए शेयर एंड केयर फाउंडेशन के सहयोग से इस परियोजना का संचालन कर रही है जिसमें गरीब एवं वंचित वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएगी पर योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा गांव गांव में भ्रमण कर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़ा जाएगा कार्यक्रम में संस्थान के फाउंडर निदेशक श्योजी राम कार्यकर्म समन्वयक विमला देवी, नाथू प्रजापत,अराई सरपंच रामस्वरूप नायक, भामोलाव सरपंच प्रतिनिधि शिवराज बागडी,जीतू आचार्य,कमल गौड,मानमल रेगर,ओमप्रकाश शर्मा,युसूफ,दाउद शाह व कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।



## रामगोपाल मेघवंशी कृषि अधिकारी के रूप हुए पदोन्नत

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**



अराई,राजस्थान सरकार कृषि विभाग के आदेशानुसार पूर्व सहायक कृषि अधिकारी रामसर एवं वर्तमान मे पंचायत समिति अराई के सहायक कृषि अधिका अराई में पद स्थापित रामगोपाल मेघवंशी का कृषि अधिकारी के रूप पदोन्नति होने पर समस्त कृषि विभाग स्टाफ की ओर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई। साथ ही क्षेत्र के ग्रामीणों एवं कृषको ने हर्ष व्यक्त किया।

## देरांठू के पंचायत मुख्यालय पर लगा पेंशन भौतिक सत्यापन केम्प

**नसीराबाद - अजमेर ब्यूरो/राहुल कुमार वर्मा**

नसीराबाद के निकटवर्ती ग्राम देरांठू के पंचायत मुख्यालय पर शनिवार को पेंशन भौतिक सत्यापन केम्प लगाया गया। विकास अधिकारी पंचायत समिति श्री नगर ताराचंद के आदेशानुसार शिविर मे देरांठू सहित ग्राम भटियाणी, झडवासा, लोहरवाड़ा व दिलवाडा के पेशंन धारीयो ने केम्प मे आकर अपनी पेशंन का भौतिक सत्यापन कराया। एक दिवसीय लगने वाले इस केम्प मे सामाजिक सुरक्षा पेशंन लाभार्थियों का वार्षिक सत्यापन एंव पेशंन सम्बंधित समस्याओ का निवारण केम्प मे किया गया। जिसमे कनिष्ठ सहायक भेरुलाल मेघवाल व कम्प्यूटर ऑपरेटर सोनू रील ने सहयोग प्रदान किया। केम्प मे 73 के करीब पेशंन धारियों का भौतिक सत्यापन किया गया। केम्प सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चला।



# जैन समुदाय ने उपखंड अधिकारी को सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषित नहीं करने के लिए सौंपा ज्ञापन

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**




अरांई, अतिशय तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर जी जिला मधुवन राज्य बिहार की गरिमा हेतु व तीर्थ क्षेत्र को पर्यटन मुक्त करने हेतु जैन समुदाय के तीर्थ और सम्मेद शिखर जी को केन्द्र सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में हम सब लाम्बा व आठ गांव पंचायत कमेटी अरांई के सभी जैन व अजैन निवासीगण के द्वारा 1- राष्ट्रपति- दिल्ली ,2. प्रधानमत्री- दिल्ली,3.राज्यपाल राजभवन जयपुर,4. मुख्यमंत्री कार्यालय जयपूर,5. जिला कलक्टर-अजमेर उपखण्ड अधिकारी शिवाक्षी खाण्डल के माध्यम से यह ज्ञापन दिया कि केन्द्र सरकार इस मनमानी अकुंशवादी व तानाशाही भावना को रोकने की कोशिश करावे व हमारी इस बात को ज्ञापन के माध्यम विभिन्न सरकारी विभागों को देकर हमारे तीर्थक्षेत्र सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषित नही करे। हमारे तीर्थ क्षेत्र की गरिमा बनाये रखने में सहयोग करें ज्ञापन देने रेखा देवी जैन,प्रदीप पाटनी,सुशील कुमार जैन,मानसिंह जैन,रामचंद्र चौधरी,भवानी सिंह राजपूत,दामोदर नायक, नितिश जैन,अमीत कुमार जैन,जीगराज जैन,कमल मेहता,निहाल चन्द जैन ग्रामीणजन मौजूद थे।

# पूर्व विधायक ने कार्यकताओं के साथ जनसंपर्क कर जन आक्रोश रैली वे महासभा में पहुंचने का दिया निमंत्रण

### आज किशनगढ़ बास में जन आक्रोश यात्रा के समापन पर ओम माथुर करेंगे लोगों को संबोधित, जन आक्रोश महासभा मैं 5 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने की है संभावना

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**



किशनगढ़ बास । राजस्थान कांग्रेस सरकार के राज में चल रहे जंगलराज भ्रष्टाचार और कुशासन के विरुद्ध भाजपा की और से गांव गांव शहर शहर चल रही जन आक्रोश यात्रा के समापन पर रविवार को एसडीएम कार्यालय के पास घंटाघर चौक पर आयोजित सुबह 11 बजे जन आक्रोश महासभा व रैली को लेकर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने तिजारा रोड मुख्य बाजार अस्पताल के सामने से होते हुए उपखंड कार्यालय परिसर पहुंच कर अधिवक्ता एवं व्यापारियों को रैली व महासभा में शामिल होने का निमंत्रण दिया।पूर्व विधायक रामहेत यादव ने बताया कि 4 दिसंबर से शुरू हुई जन आक्रोश यात्रा का समापन रविवार को किशनगढ़ बास में तिजारा रोड पेट्रोल पंप के पास से सुबह 10 बजे जन आक्रोश यात्रा शुरू होकर एसडीएम कार्यालय के पास घंटाघर चौक पर आयोजित महासभा स्थल पर पहुंचेगी। सभा को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश माथुर संबोधित करेंगे।बाजार में जनसंपर्क कर निमंत्रण के दौरान पूर्व विधायक रामहेत यादव के साथ चेयरमैन तारामणि सिंघल के प्रतिनिधि सतीश सिंघल, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ, राजेश बटवाड़ा,व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी, संजय सिंघल, कालू यादव, दीपू यादव,प्रदीप संगवैया, मनोज मित्तल, शिव हरि गुर्जर,तेज सिंह सैनी, हेमेंद्र चौधरी, रवि यादव, समाजसेवी हीरू हरवानी, जय सिंह सरदार, रमेश जांगिड़ आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में झूमे श्रोता, जहां यह कथा हो वह स्थान हो जाता है पावन

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**



खैरथल । स्थानीय झूलेलाल मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को श्रोता मंत्रमुग्ध हो कर झूम उठे।वृंदावन धाम से आए कथावाचक सच्चिदानन्द महाराज ने शनिवार को दुर्योधन द्वारा गुरु द्रोणाचार्य को दी गई जानकारी को संगीतबद्ध सुनाया तो खचाखच भरे पांडाल में श्रोता झूम कर नाचने लगे।सच्चिदानन्द महाराज ने कहा कि जिस स्थान पर श्रीमद्भागवत कथा हो वह स्थान स्वतः ही पावन हो जाता है। उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द के प्रतीक और अधर्म पर धर्म की विजय के अवतार भगवान झूलेलाल के जीवन पर आधारित भजनों की रसधार से भक्तों को भावविभोर कर दिया। संयोजक बालानी परिवार व गोपाल स्वीट्स की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। संचालक नारायण बालानी ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से पांच बजे तक श्रीमद्भगवद्ग गीता का संगीतमय पाठन होगा।

# आधा दर्जन पदों पर आधा दर्जन अधिवक्ताओं ने भरे नामांकन पत्र



मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर स्टेडियम के सामने स्थित न्यू न्यायालय भवन में शनिवार को अधिवक्ता संस्थान फलोदी के वार्षिक चुनाव-2023 के लिये आधा दर्जन पदों पर 6 अधिवक्ताओं ने अपने-अपने नामांकन पत्र मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट सुरेश कुमार जोशी एवं सहायक चुनाव अधिकारी एडवोकेट कवरसिंह चौहान के समक्ष प्रस्तुत किये। इस अवसर पर अधिवक्ता संस्थान फलोदी के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट श्रीगोपाल व्यास गुरू, राधेश्याम चांडा, जमालद्दीन मंगलिया, पुखराज सोनी, अब्दुल मजीद खिलजी, हरेंद्रसिंह रणीसर, ललित कुमार जोशी, प्रवीण दवे, गजेंद्र छंगाणी, गोरधन जयपाल, दिलीप कुमार चौहान सहित अन्य कई अधिवक्ता उपस्थित रहे। शनिवार को ही चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के तुरंत पश्चात सांय 4 बजे तक अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ एडवोकेट भंवरलाल जोशी, उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट आसुसिंह भाटी, महासचिव पद पर एडवोकेट सिंकदर घोसी, संयुक्त सचिव पद पर एडवोकेट दाऊद शरीफ, कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट कृष्णकांत चांडा एवं पुस्तकालय सचिव पद पर एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 दिसम्बर है तथा नामांकन पत्रो की जांच 20 दिसम्बर को होगी।

# खैरथल में पिकअप व बाइक की भिडंत में दो जनों की दर्दनाक मौत

### एक युवक ने मौके पर दम तोड़ा तो दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**

**कस्बे के किशनगढ़ रोड पर स्थित गंदे नाले के पास शुक्रवार देर शाम को हुई पिकअप बाइक की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए दो युवकों में से एक कृष्ण कुमार जांगिड पुत्र कैलाश चन्द उम्र 23 साल निवासी वार्ड 29 माया कॉलोनी खैरथल ने दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में एक युवक रविन्द्र पुत्र अतर सिंह जाति जाट उम्र 33 निवासी वार्ड 29 माया कॉलोनी खैरथल ने मौके पर ही दम तोड दिया था**

खैरथल । कस्बे के किशनगढ़ रोड पर स्थित गंदे नाले के पास शुक्रवार देर शाम को हुई पिकअप बाइक की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए दो युवकों में से एक कृष्ण कुमार जांगिड पुत्र कैलाश चन्द उम्र 23 साल निवासी वार्ड 29 माया कॉलोनी खैरथल ने दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में एक युवक रविन्द्र पुत्र अतर सिंह जाति जाट उम्र 33 निवासी वार्ड 29 माया कॉलोनी खैरथल ने मौके पर ही दम तोड दिया था जबकि उसके दो साथियों माया कालौनी निवासी योगेश कुमार पुत्र मामराज जाति कुम्हार उम्र 18 निवासी वार्ड 29 माया कॉलोनी खैरथल व कृष्ण कुमार पुत्र कैलाश चन्द जांगिड़ को खैरथल के राजकीय सेटेलाइट अस्पताल में पहुंचाया गया जहां से दोनों घायलों को गंभीर हालत होने के कारण अलवर के लिए रैफर कर दिया गया था। इनमें से एक युवक 23 वर्षीय कृष्ण कुमार पुत्र कैलाश चन्द जांगिड़ निवासी वार्ड नं 29 माया कालौनी खैरथल ने उपचार के दौरान दम तोड दिया। कैलाश प्रसाद एएसआई थाना खैरथल ने बताया कि दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम हो गया है। दोनों का पोस्टमार्टम कर के डेड बॉडी अंतिम संस्कार हेतू परिजनों के सुपुर्द कर दी।

## शिक्षक नेता बिरठ ने विद्यार्थियों को बांटे गर्म ऊनी स्वेटर



मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड क्षेत्र की निकटवर्ती ग्राम पंचायत कोलू पाबूजी में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोलू पाबूजी के वरिष्ठ अध्यापक शिक्षक नेता दुगाराम बिरठ ने शनिवार को अपने जन्मदिन पर कक्षा एक से लेकर कक्षा पांच के सभी विद्यार्थियों को गर्म ऊनी स्वेटर वितरित किये, संयोग से शनिवार को ही दुगाराम बिरठ की पत्नी कमला बिरठ का जन्मदिन था। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा साफा एवं माला पहनाकर बिरठ को बधाई दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दिनेश कुमार सुथार, जितेंद्र कुमार पालीवाल, रामचंद्र भील, सुमित्रा विश्नोई, दीपनाथ सिद्ध, सवाईराम जयपाल, नखताराम चौधरी, थिरपाल पालीवाल, मदरूप पालीवाल, रेशमाराम गोयल, सुनील शर्मा, नेमीचंद कुमावत, भंवरलाल सुथार, दशरथसिंह, कालू मीणा एवं लक्ष्मण चौहान आदि उपस्थित रहे।

## कम्प्यूटर शिक्षा के लिये आवेदन की अंतिम तिथि आज

मरुधर विशेष फलोदी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इंदिरा महिला शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को राजस्थान नॉलेज कारपोरेशन द्वारा संचालित कंप्यूटर कोर्सेज राजस्थान स्टेट सर्टिफिकेट कोर्स इन इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एवं राजस्थान स्टेट सर्टिफिकेट कोर्स इन फाइनेंसियल एकाउंटिंग-वित्तीय लेखांकन प्रशिक्षण, टैली प्राइम- जीएसटी कोर्सेज निःशुल्क करवायें जा रहे है। आईटी ज्ञान केंद्र साइबरटेक के संचालक डॉ. पंकज थानवी ने बताया कि विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिये अनिवार्य कंप्यूटर पाठ्यक्रम राजस्थान स्टेट सर्टिफिकेट कोर्स इन इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के लिये न्यूनतम योग्यता 10 वीं एवं आयु 16 से 40 वर्ष के मध्य तथा राजस्थान स्टेट सर्टिफिकेट कोर्स इन फाइनेंसियल एकाउंटिंग-वित्तीय लेखांकन प्रशिक्षण, टैली प्राइम जीएसटी सहित( आरएस-सीएफए ) के लिये न्यूनतम योग्यता 12 वीं एवं आयु 16 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिये। इच्छुक बालिकाएं एवं महिलाएं रविवार 18 दिसंबर तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ आईटी ज्ञान केंद्र साइबरटेक पर अपना आवेदन जमा करवा सकती है। थानवी ने बताया की अब तक 146 आवेदन प्राप्त हो चुके है।

## आदर्श सोसायटी के पीड़ितो की बैठक आज

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर स्थित वेद भवन परिसर में रविवार को सांय 4 बजे आदर्श कोऑपरेटिव सोसायटी के पीड़ित परिवारों की बैठक आयोजित होगी। कन्हैयालाल व्यास एवं विष्णु व्यास ने जानकारी देते हुये बताया कि फलोदी क्षेत्र में पिछले करीब एक दशक से आदर्श को ऑपरेटिव सोसायटी चल रही थी, जो अब 3 वर्षों से बंद हो गई है तथा इसके संचालक जेल में बंद है। इस सोसायटी में फलोदी क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने अपनी मेहनत की राशि जमा करवाई थी, यह राशि करोड़ो रूपयो में है। सोसायटी बंद होने के बाद सोसायटी, केंद्र एवं राज्य सरकार तथा प्रशासन इस संबंध चुप्पे साधे हुए है, पीड़ित परिवारों को कोई जबाब नही मिल रहा है। इस संबंध में आगामी रणनीति बनाने के लिये रविवार को सांय 4 बजे वेद भवन परिसर में पीड़ित परिवारों की बैठक आयोजित होगी।


## दिव्यांग विधार्थियों को गर्म कंबल बांटे

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर राईका बाग क्षेत्र में सुगन इंस्टीट्यूट के सामने नेत्रहीन विकास संस्थान जोधपुर द्वारा संचालित प्रज्ञा चक्षु आवासीय विद्यालय में शनिवार को जैन समर्पण सेवा ग्रुप फलोदी की सदस्य मीनाक्षी गोलेच्छा एवं दीपक जैन द्वारा गर्म ऊनी कंबल दिव्यांग विधार्थियों को वितरित किये गये। इस अवसर पर संस्था प्रधान श्रवणराम जयपाल, राजेन्द्र प्रसाद एवं विजयसिंह परिहार आदि उपस्थित रहे। अंत में संस्था प्रधान श्रवणराम जयपाल ने जैन समर्पण सेवा ग्रुप के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



## विशिष्ट सेवाओं के लिये भामाशाह कल्ला का सम्मान किया

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर स्थित महालक्ष्मी कटले में चल रही श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन कथा का शुभारंभ हनुमान चालीसा एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। इस दौरान कृष्ण जन्मोत्सव पर बधाइयां दी गई, कृष्ण जन्म पर देवी, देवता एवं गोपियां बाल गोपाल दर्शन हेतु गोकुल में आये। नंदबाबा की बहन नंदा को हीरो का हार बधाई के रूप में भेंट किया गया। व्यास पीठ के पंडाल में उपस्थित सभी सभी भक्तों को नंद उत्सव पर बधाई आशीर्वाद के रूप में दी गई। भागवत कथा के दौरान अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया, कथा का विवरण संत गुरु मां तारा देवी के द्वारा बताया गया। श्रीमद भागवत कथा में भगवतीलाल शर्मा पुजारी लटियाल मंदिर, भामाशाह मेघराज कल्ला, शिक्षाविद गौतमचंद, श्रीगोपाल गुचिया पुष्करणा समाज न्याति पोतेदार, किसान नेता नरेश व्यास एवं करणसिंह राजपुरोहित का व्यास पीठ पर आशीर्वाद के रूप में अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश बोहरा, सुरजमल सुथार, अशोक पंचारिया, इंद्रकुमार बोहरा, रविंद्र जैन, गणेश चांडा, राजू व्यास, तिलोक सिंह गहलोत, मुकेश कोठारी, भोमराज चौहान, मयूर चांडा, अशोक शर्मा एवं चंद्रप्रकाश छीपा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।



## किसान रैली के लिये आज दिल्ली रवाना होंगे किसान

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड क्षेत्र के निकटवर्ती गांव सांखलो की ढाणी, बैंगटी, लोकायत एवं बागजी का पार में शनिवार को भारतीय किसान संघ की बैठके संभाग अध्यक्ष किसान नेता नरेश व्यास के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई है। बैठक में 19 दिसम्बर सोमवार को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में किसानों से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर आयोजित होने वाली एक दिवसीय विशाल किसान गर्जना रैली में फलोदी जिले से अधिकतम किसानों की भागीदारी जुटाने को लेकर लिये विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष व्यास ने बताया कि इस रैली में भाग लेने के लिये रविवार दोपहर को सैकड़ो किसान पशु मेला मैदान फलोदी से दिल्ली के लिये के लिये बसों एवं अन्य साधनों से रवाना होंगे। बैठक में संभागीय अध्यक्ष नरेश व्यास, फलोदी जिलाध्यक्ष राजेंद्र व्यास, हनुमान अमराणी, रामचंद्र पालीवाल, किशनलाल पालीवाल, पूंजराज सिंह आदि उपस्थित रहे। किसान नेता नरेश व्यास ने बताया कि किसान रैली में कृषि कार्य से जुड़े सभी साधनों को जीएसटी से मुक्त करने, पीएम किसान सम्मान निधि योजना में सभी किसानों को शामिल करने, प्रत्येक खेत में नहरी पानी देने तथा किसानों को कृषि उपज का लाभकारी मूल्य देने सहित अन्य कई मांगों को लेकर केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपा जायेगा। फलोदी जिले के बाप, आऊ, देचू, शेखासर, लोहावट, सेतरावा एवं घंटियाली तहसीलों से हजारों किसान दिल्ली कूच करेंगे।




## समराथल फाउंडेशन प्रतिभा खोज परीक्षा 28 दिसम्बर को

मरुधर विशेष फलोदी/ उमेश इणखिया। समराथल फाउंडेशन के NEET। IIT में आपार सफलता के बाद वढरउ/फ्ढरउ की सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विश्नोई समाज के समस्त होनहार विद्यार्थियों के लिए 'प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन करने जा रहा हैं। इस परीक्षा में चयनित प्रतिभाओं को आर्थिक सहयोग करना, करिअर काउंसलिंग करना, अभिप्रेरित करना, उत्कृष्ट कोचिंग संस्थानो में रियायत दर से प्रवेश दिलवाना, छात्रवृत्ति, पुस्तकालय सुविधा दिलवाना व टेस्ट सीरीज शामिल है।फाउंडेशन के ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर प्रेम विश्नोई गणेरी ने बताया की उक्त परीक्षा का आयोजन 29 दिसम्बर 2022 को दोपहर 12.00 से 3.00 बजे तक किया जायेगा। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20.12.2022 हैं। आवेदन ऑफलाईन व ऑनलाईन दोनो तरह से किए जा सकते है। परीक्षा शुल्क 100 रुपए मात्र निर्धारित है जो दफउडअए द्वारा या परीक्षा केन्द्र पर भी जमा करवा सकते है। इस परीक्षा में स्नातक उत्तीर्ण या अध्ययनरत विद्यार्थी भाग ले सकते हैं जिसके लिए प्रतिशत की कोई बाध्यता नहीं है। पाठ्?यक्रम फ्अर. (ढशी.) स्तर का होगा ।

# मर्डर केस का खुलासा: पुलिस थाना विद्याधर नगर द्वारा महिला की गुमशुदगी रिपोर्ट में हत्या का किया खुलासा

## हत्या के बाद हत्यारे द्वारा शव को मार्बल कटर से कई टुकडे कर अलग अलग स्थानों पर फेंके, पुलिस द्वारा हत्यारे भतीजे को गिरफतार कर शव के कटे अंगों को अलग अलग स्थानों से किया बरामद

- दिल्ली के श्रद्धा शर्मा केस से प्रेरित हो किया कांड
- हत्यारे भतीजे अनुज शर्मा उर्फ अधित्य गोविंद दास ने की अपनी ताई की हत्या एवं अपराध छुपाने हेतु खुद की तरफ से थाना विद्याधर नगर पर दर्ज कई गुमशुदगी
- पुलिस द्वारा तकनीकी आधार एवं शक के आधार पर गहनता से जांच कर किया खुलासा
- हत्यारे ने हथौडा मारकर की हत्या और हत्या के बाद मार्बल कटर मशीन से शव के किये कई टुकड़े
- शव के टुकडों को सूटकेस और बाल्टियों में भरकर कार से लेजाकर दिल्ली रोड पर जंगलों में फेंका अलग अलग स्थानों पर
- पुलिस की टीम ने मुलजिम की निशादेही पर रात्रि में ही जंगलों और झाडियों में घुसकर लाश के आठ टुकड़े किये बरामद
- हत्यारे में एक स्थान पर फेंके थे शव के सर और पंजे , दूसरे स्थान पर धड का हिस्सा , तीसरे स्थान पर पैरों के व शरीर के अन्य हिस्से
- ताई द्वारा रोका टोकी एवं झगड़े के कारण की हत्या
- हत्या के वक्त मृतका व हत्यारा ही ये फलेट पर मौजूद









आरोपी अनुज शर्मा उर्फ अचिंत्य गोविंद दास

हत्या के बाद शव को ले जाते समय के फूटेंज

**मरूधर विशेष/क्राइम रिपोर्ट/महावीर सिंह साँचोरा**

जयपुर। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर परिस देशमुख ने बताया कि पुलिस थाना विद्याधर नगर जयपुर उत्तर पर दिनांक 11 दिसम्बर 2022 की रात्रि में श्री अनुज शर्मा पुत्र बद्री प्रसाद शर्मा उम्र 33 साल निवासी टी-2 लालपुरिया अपार्टमेंट सेक्टर-2 विद्याधर नगर जयपुर ने उपस्थित थाना होकर दर्ज कराया था कि दिनांक 11 दिसंबर 2022 को मेरी ताईजी सरोज शर्मा, पत्नी स्व. राधेश्याम शर्मा उम्र 64 वर्ष निवासी टी-2 लालपुरिया गगन अपार्टमेंट सेक्टर-2 विद्याधर नगर जयपुर से 2-3 बजे दोपहर को घर से मंदिर जाने की कहकर निकली थी। जो अभी तक घर वापस नही आई जो कैंसर से पिडित है तथा अनपढ़ है जिनकी हमने आसपास काफी तलाश की परन्तु नहीं मिली। श्री अनुज शर्मा की उक्त रिपोर्ट पर थाना विधाधर नगर जयपुर उत्तर पर गुमशुदगी से 51/22 दर्ज कर जांच व तलाश आरम्भ की गई। जांच के दौरान जांच अधिकारी श्री देवीलाल एचसी 843 व गठित टीम द्वारा प्रकरण में गहनता से जांच की गई एवं सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये। जांच के दौरान परिवादी के खिलाफ ही शक होने पर गुमशुदा / मृतका श्रीमती सरोज शर्मा की पुत्रियों को बुलाकर गुमशुदा / मृतका श्रीमती सरोज शर्मा के निवास स्थान पर गहनता से जांच की गई।

### मामले में लड़के पर शक होने पर जांच का सिरा बदल की पूछताछ

जांच से मामला संदेहास्पद होना पाये जाने पर प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान थानाधिकारी श्री वीरेन्द्र कुरील पु०नि० को सुपुर्द कर गुमशुदा की तलाश एवं जांच हेतु अति पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर (द्वितिय) श्री धर्मेन्द्र सागर के निर्देशन एवं सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्रीनगर श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता के सुपरविजन में श्री वीरेन्द्र कुरील पु०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना विद्याधर नगर के नेतृत्व में श्री राजवीर सिंह उ0नि०. श्री देवीलाल एचसी 843 श्री गिरधारी कानि0 6870. श्री मुकेशचंद कानि 3238, श्री चंदन कानि 3299, श्री श्यामलाल कानि0 8344, श्री गोपीचन्द कानि0 6975, श्री देवेन्द्र कानि0 6369 श्री विरेन्द्र कानि0 4505, श्री अमन कुमार कानि0 5271 की एक टीम गठित की गई। आरोपी अनुज शर्मा की प्रकरण में तलाश की गई तो आरोपी अनुज द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराने के बाद दिनांक 13.12.22 को घर से हरिद्वार और दिल्ली जाना बताया। जिस पर मालूमात पर पता चला कि उक्त आरोपी अपने परिवारजन के साथ दिल्ली से जयपुर आ रहा है। जिसकी रूट लोकेशन के आधार पर अम्बाबाडी विद्याधर नगर के पास रोककर दस्तयाब किया गया तथा अनुज शर्मा से गहनता से एवं मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर मुलजिम ने दिनांक 11.12.22 को दोपहर में स्वयं को घर से बाहर जाने से रोकने पर ही से ताई के सिर पर वार कर हत्या करना स्वीकार किया। जिसने पूछताछ के दौरान यह भी बताया कि मेरे ताउ की मृत्यू वर्ष 1995 में हो गई थी। मेरी ताई हमारे पास ही रहती थी जो बचपन से ही टोका टाकी करती रहती थी। बच्चों को खेलने नहीं देती थी। कोविड के दौरान मेरी माँ की मृत्यू हो गई थी। हमारे घरवाले मेरी बहन के रिश्ते हेतु इंदौर गये हुये थे। दिनांक 11.12.22 को मैं दिल्ली जाने की कह रहा था तो मेरी ताई ने मुझे मना कर दिया जिसके बाद मेरी ताई के साथ कहासुनी हो गई तो मैने मेरी ताई के सिर पर लोहे के हथोडे से वार किया तो उसकी मृत्यू हो गई। हत्या करने के बाद शव को ठिकाने लगाने के बारे में दिल्ली के केस की तरह मैने शव के टुकडे करने के लिये सीकर रोड स्थित हार्डवेयर की दुकान से मार्बल कटर खरीदकर शव के कई टुकडे कर सूटकेस व हाल्टियों में भरकर कार से ले जाकर दिल्ली रोड पर कई स्थानों पर फेंक दिये।

पुलिस द्वारा मुलजिम की निशादेही से शव के टुकड़े बरामद कर मुलजिम अनूज शर्मा उर्फ अधित्य गोविन्द दास पुत्र श्री बद्रीप्रसाद जाति ब्राहम्ण उम्र 32 साल निवासी मकान नम्बर 707 डी 01 विकासपुरी आनन्दनगर अजमेर व हाल फलैट नम्बर टी-02 लालपुरिया अपार्टमेन्ट विद्याधरनगर जयपुर को गिरफतार कर लिया गया है एवं हत्या में प्रयुक्त लोहे का हथौडा, वारदात के दौरान प्रयुक्त वाहन, मार्बल कटर मशीन, बाल्टी, सूटकेस और अन्य सामान बरामद कर लिये है। मुलजिम से गहनता से अन्य संदिग्ध परिस्थितियों के संबंध में अनुसंधान जारी है।

**गठित टीम :-** वीरेन्द्र कुरील पु०नि० थानाधिकारी, राजवीर सिंह उ0नि०. देवीलाल एचसी गिरधारी कानि0 , मुकेशचंद कानि , चंदन कानि , श्यामलाल कानि0 . गोपीचन्द कानि0 ,देवेन्द्र कानि0 ,विरेन्द्र कानि0 , अमन कुमार कानि0 मनोज कुमार कानि0 (तकनीकी सहायता)

**विशेष भूमिका :-** देवीलाल एचसी मुकेशचंद कानि0

# मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया चार वर्ष पूर्ण होने पर राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन

## राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जेकेके में विकास प्रदर्शनी आयोजित




जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर जवाहर कला केंद्र में आयोजित राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने 25 विभागों की सभी स्टॉल्स पर जाकर विभागों द्वारा करवाए गए विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं नवाचारों का अवलोकन किया। गहलोत ने सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाकर अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। गहलोत ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। गहलोत ने सेवा ही कर्म, सेवा ही धर्म का संदेश देती विकास प्रदर्शनी में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विभिन्न क्षेत्रों में करवाए गए विकास कार्यों एवं योजनाओं के फोटो, स्कैच, मॉडल्स एवं प्रकाशन सहित अन्य सामग्री को देखा। उन्होंने सरकार के सुशासन के संकल्प को दशार्ती प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे आमजन को सरकार के कल्याणकारी फैसलों, कार्यक्रमों, नीतियों और योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी। गहलोत ने कृषि विभाग की स्टॉल पर ऋण माफी के लाभार्थी किसानों से संवाद किया। साथ ही प्रगतिशील किसान से मुलाकात कर उनके नवाचारों को सराहा। प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सुजस ऐप, सुजस बुलेटिन, सुजस ई-बुलेटिन एवं सुजस पॉडकास्ट ह्यआवाजह्य का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी स्थल पर बने सुजस स्टूडियो से प्रदेशवासियों के नाम सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर वीडियो संदेश भी रिकॉर्ड किया। उन्होंने परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की स्टॉल पर दुर्घटनाग्रस्त पीड़ितों की जान बचाने के लिए दिए जाने वाले प्रशिक्षण का लाइव डेमो देखा। उन्होंने प्रदर्शनी में लगाये गए मोबाईल स्टूडियो में 7-डी सिनेमा का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष स्कूली छात्राओं ने राज्य सरकार की ओर से बालिकाओं को दी जा रही आत्मरक्षा प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया। गहलोत ने कहा कि हमने चुनावी घोषणा पत्र को सरकारी दस्तावेज बनाकर वादों को पूरा किया है। हमने जनता की भावनाओं के अनुरूप जन घोषणा पत्र बनाया, जिसको आधार बनाकर नीति निर्माण एवं क्रियान्वयन का कार्य किया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा के लिए लगभग 1 करोड़ लोगों को पेंशन दी जा रही है। आईटी का इस्तेमाल करते हुए प्रदेश में एक जवाबदेही और पारदर्शी सुशासन स्थापित करने का कार्य राज्य सरकार ने किया है। भ्रष्ट कार्मिकों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इंदिरा रसोई योजना में आमजन को पौष्टिक भोजन 8 रूपए में सम्मान के साथ परोसा जा रहा है। प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं के माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए 800 करोड़ रूपए की उड़ान योजना के माध्यम से निःशुल्क सैनेटरी नेपकिन का वितरण किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं से आज 46 लाख घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों का बिजली बिल शून्य आ रहा है। इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से शहरी क्षेत्र के बेरोजगारों को राहत दी जा रही है।

### चिरंजीवी योजना से मिल रहा निःशुल्क उपचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्रत्येक योजना के केन्द्र में गरीब एवं वंचित लोग हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को महंगे उपचार से मुक्ति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की है। इसमें 10 लाख रूपए तक का निःशुल्क उपचार मिल रहा है। किडनी, हार्ट, लीवर ट्रांसप्लांट जैसे महंगे इलाज में 10 लाख की सीमा समाप्त कर सारा खर्च राज्य सरकार वहन कर रही है। साथ ही, 5 लाख रूपए तक का दुर्घटना बीमा भी दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा आईपीडी, ओपीडी में सभी प्रकार के उपचार निःशुल्क कर दिए गए हैं। प्रदेश में आमजन की सीटी स्केन, एम.आर.आई. स्केन जैसी महंगी जांचें निःशुल्क की जा रही हैं। इन ऐतिहासिक निर्णयों से राजस्थान स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक मॉडल स्टेट बनकर उभरा है।

### केन्द्र सरकार मानवीय दृष्टि से लागू करे ओपीएस

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में मानवीय दृष्टि से पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लागू किया। उन्होंने कहा कि हमारा वित्तीय प्रबंधन बेहतरीन रहा है, जिससे प्रदेश में सभी योजनाओं का सफल क्रियान्यावन हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भी ओपीएस लागू करे ताकि कार्मिकों में अपने भविष्य के प्रति सुरक्षा की भावना आए। उन्होंने कहा कि हमारी सोच सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की है। केन्द्र सरकार को पूरे देश में एक समान सामाजिक सुरक्षा पॉलिसी लागू करनी चाहिए, ताकि वृद्धजनों, दिव्यांगों और विधवाओं को जीवनयापन में आसानी हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के अभी तक के सारे बजट आमजन को राहत पहुंचाने वाले रहे है। आने वाले बजट के लिए राज्य सरकार द्वारा आमजन से सुझाव मांगे गए हैं। अब तक 70 हजार से अधिक सुझाव राज्य सरकार को प्राप्त हो चुके हैं। आने वाला बजट आमजन की भावनाओं के अनुरूप तैयार होगा।

### ईआरसीपी को मिले राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के 13 जिलों में आमजन और किसानों के लिए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस योजना से राजस्थान के एक बड़े क्षेत्र में पेयजल व सिंचाई जल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। केंद्र सरकार को जल्द से जल्द ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करनी चाहिए। अनावश्यक देरी से परियोजना की लागत बढ़ेगी व प्रदेशवासी परियोजना के लाभ से वंचित होंगे। उन्होंने कहा कि गत बजट में राज्य सरकार द्वारा ईआरसीपी के लिए 9600 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा ना मिलने तक राज्य सरकार अपने सीमित संसाधनों से इसे आगे बढ़ायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोनाकाल में बेहतरीन चिकित्सा प्रबंधन के जरिए राजस्थान पूरे देश में अग्रणी रहा। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन के लिए भीलवाड़ा मॉडल की पूरी दुनिया में सराहना हुई। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी राजस्थान की तारीफ की। प्रदेश के हर चिकित्सालय में ऑक्सीजन, आवश्यक दवाईयों और बेड्स की अतिरिक्त व्यवस्था की गई। इसी का परिणाम रहा है कि अन्य राज्यों के मुकाबले राजस्थान में मृत्युदर काफी कम रही। गहलोत ने कहा कि 500 से अधिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की गई, जिनमें ग्राम पंचायत स्तर तक के सदस्य जुड़े। दवाईयों एवं चिकित्सा उपकरणों के प्रबंधन, लॉकडाउन के दौरान रोजगार खोने वाले मजदूर वर्ग, ठेले-रेहड़ी वालों का सर्वे किया गया। इस दौरान लाखों लोगों के खातों में आर्थिक सहयोग राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई। उल्लेखनीय है कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के समन्वय से लगाई गई इस प्रदर्शनी में कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, आरसीडीएफ (डेयरी), गौपालन विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रम एवं नियोजन, सार्वजनिक निर्माण, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, आयोजना, राजस्थान आवासन मण्डल, नगरीय विकास विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, स्वायत्त शासन, नगर निगम जयपुर-हेरिटेज, नगर निगम जयपुर-ग्रेटर, सूचना एवं जनसम्पर्क, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, उद्योग, ऊर्जा, गृह, वन, पर्यटन सहित अन्य विभागों द्वारा चार साल में लिए गए फैसलों, विकास कार्यों, योजनाओं एवं उपलब्धियों का आकर्षक ढंग से प्रदर्शन किया गया है।

# गौरव दिवस के उपलक्ष्य में नपा बैकुंठपुरे्ङ्कमुक्ता सिंह चौहान द्वारा इंदिरा पार्क में मुख्यमंत्री का उधबोधन सुने

**मरुधर विशेष करन सोनी**

छत्तीसगढ़ जिला कोरिया बैकुंठपुर नगर पालिका के तहत किए गए कार्य्ङ्क मुक्ता सिंह चौहान के द्वारा बताया गया विस्तार रूप से आज छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका बैकुंठपुर द्वारा इंदिरा पार्क में उपस्थित



योगा शेड में माननीय मुख्यमंत्री का उधबोधन सुने एवम गौरव दिवस मनाया गया जिसमे मुख्यमंत्री द्वारा कई योजनाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी बताई जैसे ।मुख्यमंत्री स्लम योजना पौनी पसारी योजना धनवंतरी योजना गोधन न्याय योजना एवम अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी व इस उपलक्ष्य में बैकुंठपुर नगर पालिका सी एम ओ्ङ्क मुक्ता सिंह चौहान पार्षद वार्ड क्रमांक 04 अनिल खटीक जी पार्षद वार्ड क्रमांक 5 धीरज शिवहरे जी पार्षद वार्ड क्रमांक 14 साधना जयसवाल पार्षद वार्ड क्रमांक 18 ललिता सिंह जी एवम नगर पालिका के कर्मचारी अब्दुल कलाम भुरी प्रशांत सोनी राजेश साहू आयुष पांडे कुशवाहा सर पटेल बनारसी तीरथ गीता पायल रोशनी कैफ मोमिन एवं समस्त नगर पालिका बैकुंठपुर के कार्यकर्ता पार्षद एल्डरमैन समस्त कर्मचारी सफाई अभियान की दीदी सभी भारी संख्या में मुख्यमंत्री जी की गुरतुर बोली 4 साल बेमिसाल योजनाओं की जानकारी सुनी गई उपस्थित रहे। सभी सदस्य गण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 4 साल बेमिसाल योजनाओं को दिखाया गया दशार्या गया नगर पालिका बैकुंठपुर के इंदिरा पार्क में

# सोनहत कालेज मे परीक्षा केंद्र बनाने की मांग हुई पुरी किया जारी..दो दिन पहले कालेज में किया था तालाबंदी

**मरुधर विशेष करन**

सोनीकोरिया/सोनहत। छात्र छात्राओं व नागरिक एकता मंच की वर्षों की सोनहत महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाने की मांग पूरी हो गई यह छात्रों की लड़ाई की बड़ी जीत है।गौरतलब हो कि सोनहत महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र की मांग को लेकर वहां के छात्र नेता, पूर्व के छात्र नेता व नागरिक





एकता मंच लगातार कुलसचिव, जिले के कलेक्टर व एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम पत्र सौप कर मांग कर चुके थे, बीते गुरुवार को छात्र छात्राओं ने कालेज में तालाबंदी व एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर परीक्षा केंद्र की मांग करते हुए दिनभर पढ़ाई बंद कर कालेज के सामने हमारी मांगे पूरी करो परीक्षा केंद्र देना होगा बोलकर नारेबाजी कर बैठे रहे। छात्रों कि वर्षों से मांग थी कि सोनहत कालेज में परीक्षा केंद्र संचालित हो चुकी इस महाविद्यालय में रामगढ़,सिंघोर,नटवाही,भगवतपुर, राउतसरई,बंशीपुर, उज्ञाव, तथा अन्य वनांचल क्षेत्र के 30-90 किलोमीटर की दूरी तय कर छात्र छात्रा पढ़ाई करने आते है और परीक्षा केंद्र बैकुंठपुर की लंबी दूरी तय करना पड़ता है,वनांचल क्षेत्र होने के कारण क्षेत्र में सुबह की परीक्षा समय अनुसार छात्रों को काफी असुविधा होती है तथा साधन संसाधन का अभाव रहता है, व छात्राओं को कई प्रकार का अप्रिय घटना का भय रहता है, जिसके लिए हमने कई बार प्रदर्शन व पत्राचार किया था। अब परीक्षा केंद्र की मांग पूरी हो गई है,यह हमारे सघर्ष की बडी जीत है, इसका श्रेय. लडाई मे साथ रहे सभी छात्रों व साथी छात्र नेताओं को जाता है जिनके साथ हमने लड़ाई निरंतर जारी रखा था।छात्र छात्राओं की इस बड़ी मांग को पुरी करने के लिए कुलसचिव का हम आभार व्यक्त करते है।

# कुसमी नगर पंचायत क्षेत्र के सामरी रोड में लगने वाली सप्ताहिक बाजार से किसी न किसी दिन बड़ा हादसा होने का खतरा बना हुआ है

**मरुधर विशेष करन सोनी**

कुसमी-कुसमी नगर पंचायत क्षेत्र के सामरी रोड में लगने वाली सप्ताहिक बाजार से किसी न किसी दिन बड़ा हादसा होने का खतरा बना हुआ है, जिसकी सुध लेने की फुर्सत नगर पंचायत क्षेत्र के अधिकारी को है और ना ही नगर पंचायत जनप्रतिनिधियों को है`आपको बता दें कि नगर पंचायत



कुसमी का साप्ताहिक बाजार, हाट बाजार जहां पर स्थित है, वहां पर ना लगाकर कुसमी- सामरी सड़क पर लगाया जा रहा है, जीससे आए दिन सड़क में जाम लगने की स्थिति बनी हुई है, वही सामरी माइंस से लेकर निकलने वाले बॉक्साइट ट्रक उस सड़क से होकर गुजर रही है, सप्ताहिक बाजार सड़क पर लगाए जाने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, इसको लेकर नगर पंचायत गंभीर नहीं है`जनदरबार न्यूज द्वारा जब इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से बात की तो उन्होंने बताया कि संबंधित को अवगत कराते हुए सड़क से हटाकर हाट बाजार स्थित बाजार लगवाया जाएगा`वही जनदरबार न्यूज द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष से इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि मैं बिल्कुल इस पक्ष में नहीं हूं सप्ताहिक बाजार जहां पर स्थित है वहां पर ही लगाया जाए, हाट बाजार सड़क से हटाया जाए`अब देखने वाली बात यह है कि क्या अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा नगर पंचायत अध्यक्ष इस गंभीर मामले पर कीतना गंभीर होकर काम करते हुए सड़क से हाट बाजार को हटाकर हाट बाजार स्थित भूमि पर लगाने निर्देश जारी करते हैं`

# अंबिकापुर के उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलढाब में 9 महीने की गर्भवती महिला की करंट लगने से मौत हो गई

**मरुधर विशेष करन सोनी**

सरगुजा। अंबिकापुर के उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलढाब में 9 महीने की गर्भवती महिला की करंट लगने से मौत हो गई।महिला की मौत के बाद भी उसके गर्भस्थ शिशु का दिल धड़क रहा था। अस्पताल में डॉक्टरों ने गर्भस्थ शिशु की जान बचाने के लिए ऑपरेशन करने का फैसला किया, लेकिन



सर्जरी के दौरान ही उसकी मौत हो गई।जानकारी के मुताबिक, 28 साल की शिवकुमारी 9 महीने की गर्भवती थी। शुक्रवार को रोज की तरह वो नहाकर निकली और गीले कपड़ों को सुखाने के लिए उन्हें बाड़ी का घेराव किए गए तार पर डालने लगी। वहीं से बिजली का वायर भी गया था। जिस तार पर वो कपड़े डाल रही थी, वो लोहे का था। बिजली का करंट लोहे के तार में भी आ गया, जिससे शिवकुमारी उसकी चपेट में आ गई।महिला को जैसे ही करंट लगा, वो चिल्लाते हुए नीचे गिरकर बेहोश हो गई। परिवारवाले तुरंत उसे लेकर उλ्ठउ अस्पताल उदयपुर लेकर पहुंचे। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। लेकिन गर्भ चेक करने पर पता चला कि गर्भस्थ शिशु की धड़कन चल रही है। उन्होंने बच्चे को बचाने के लिए ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन उसने सर्जरी के दौरान शिशु ने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना परिजनों ने थाना उदयपुर और एसडीएम कार्यालय में भी दी। जिसके बाद नायब तहसीलदार डॉ एजाज हाशमी की उपस्थिति में महिला के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। महिला का अंतिम संस्कार शनिवार को ग्राम बेलढाब में किया गया।

